# ALL INDIA CONGRESS COMMITTEE

24, AKBAR ROAD, NEW DELHI-110011

**Priyanka Gandhi Vadra**
General Secretary

27 मार्च 2020

सेवा में

**श्री योगी आदित्यनाथ जी**
**मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार**

महोदय,

हमारा देश कोरोना वायरस की महामारी से जूझ रहा है। इसने जहां एक तरफ स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक आपात स्थिति खड़ी कर दी है, वहीं दूसरी तरफ कई दिनों के लॉकडाउन के चलते अर्थजगत व लोगों की रोजी-रोटी पर भी खतरा मंडरा रहा है। इसका सबसे ज्यादा बुरा प्रभाव गरीबों और मजदूरों पर पड़ रहा है।

हमारी पार्टी ने पूरी तत्परता के साथ निर्णय लिया कि जो आपात स्थितियां उत्पन्न हुईं हैं उनमें कांग्रेस पार्टी सरकार का सहयोग करने के लिए पूरी तरह तैयार है। कांग्रेस पार्टी की उत्तर प्रदेश प्रभारी होने के नाते मैंने पहले ही निर्देश जारी करते हुए अपने सभी कार्यकर्ताओं से कोरोना के बारे में जागरूक करने व उसको फैलने से रोकने के लिए प्रयासों में मदद करने की अपील की थी।

ये वक्त हम सबके लिए अपने मतभेदों से ऊपर उठकर देश के लिए एकजुट होकर लड़ने का वक्त है। हमें खास ध्यान रखना होगा कि इस घड़ी में प्रदेश की जनता खासकर वंचित और गरीब तबके के लोगों के सामने और गहरा संकट खड़ा न हो।

इसके लिए मैं कुछ सुझाव आपसे साझा करना चाहती हूं-

- इस आपदा ने दिहाड़ी मजदूरों, ठेले-पटरी वालों, निर्माण मजदूरों, निराश्रितों, विधवाओं, विकलांगों की जिंदगी में तूफ़ान सा ला दिया है। आपसे निवेदन है कि इनके लिए जो भी योजनाएं व घोषणाएं हों उनका लाभ उन तक पहुंचना सुनिश्चित करवाएं।

- काम के लिए पलायन उत्तर प्रदेश की एक बड़ी समस्या है। उप्र के कई मजदूर दूरदराज के क्षेत्रों में कमाने के लिए जाते हैं। आज रोजी-रोटी छिन जाने की स्थिति में और बंदी की स्थिति में वो लोग बहुत परेशान हैं। ऐसे लोगों की रोजी रोटी की सुरक्षा की गारंटी करवाने के लिए कदम उठाने की सख्त आवश्यकता है। इनमें से कुछ लोग पैदल ही अपने घरों के लिए निकल गए हैं। कल रात तक बहुत ही पीड़ादायक तस्वीरें हमारे सामने आईं। आपकी सरकार की तरफ से इस बाबत कुछ घोषणाएं भी की गईं। आपसे निवेदन है कि रास्ते में फंसे मजदूरों को घर पहुंचाने का काम सुचारू रूप से होना चाहिए। अगर अधिक संख्या में लोग रास्ते में हैं तो सरकारी स्कूल व कालेज खोलकर उनके लिए बसेरे बनाए जा सकते हैं और फिर साधन होने पर उनको रवाना किया जा सकता है।

- इनमें से कई लोगों को डर है कि उनका काम छिन जाएगा और कई लोगों को डर है कि उनके परिवार की खाद्य सुरक्षा की जिम्मेदारी कौन लेगा। इसके लिए आप विभिन्न प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों से बात करके इनके काम की सुरक्षा की गारंटी कराने के लिए मिलकर निर्णय ले सकते हैं। हर प्रदेश में यूपी के लोगों के लिए एक हेल्प लाइन जारी कर ऐसे मजदूरों को आश्वस्त कर सकते हैं कि उनके परिवार की खाद्य सुरक्षा की जिम्मेदारी सरकार ले रही है।

- प्रदेश के शहरों की झुग्गी बस्तियों में और गांवों में वंचित तबके की बस्तियों में फोकस कर प्राथमिकता से अनाज व ईंधन की मदद पहुंचाई जा सकती है। विकलांग, निराश्रित, विधवा महिलाओं, बेघर लोगों की सुरक्षा का ख्याल रखते हुए उनके खाने की व्यवस्था को किया जा सकता है।

- कई जगह पर डाक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों को निजी सुरक्षा के उपकरण न होने की खबरें आ रहीं हैं। डाक्टर, मेडिकल स्टाफ, सफाईकर्मी, आशा कर्मी और नर्स हमारी इस लड़ाई के योद्धा हैं। उनको सुरक्षा के उपकरण उपलब्ध कराना हमारा पहला कर्तव्य है।

- कुछ जगहों पर नर्सों ने और मेडिकल स्टाफ ने कई महीनों से तनख्वाह न मिलने के चलते प्रदर्शन किए हैं। महोदय ये संकट का समय है और हमारे एक मात्र प्रहरी डाक्टर और नर्स हैं। अतः उनकी इस तरह की समस्याओं का हल तुरंत होना चाहिए।

- हमारे सफाई कर्मियों की सुरक्षा व वेतन का ख्याल कर उनके लिए कुछ अग्रिम वेतन जारी किया जाए और उनको भी सुरक्षा के सारे उपकरण उपलब्ध कराए जाएं।

- अभी गेहूं और सरसों आदि की फसल खेतों में है। बारिश और ओला के चलते पहले से ही किसानों को काफी नुक़सान हो चुका है। थोड़े दिन में ही फसल कटाई शुरू हो जाएगी। किसानों की सहूलियत के लिए उनकी फसल बिक्री प्रक्रिया व मुआवजे की रकम सरकार तुरंत जारी कर सकती है जिससे उनको कुछ आराम मिल सके।

महोदय कांग्रेस के कार्यकर्ता सभी नियमों का पालन करते हुए इस संकट की घड़ी में अपनी सेवाएं देने को समर्पित हैं। हमने हर जिले में Volunteer Team और हेल्पलाइन तैयार की है जो जनता की मदद के लिए मौजूद है। ये टीमें जनसेवा और प्रशासन की मदद के लिए हरदम तैयार हैं। उप्र शासन अपने राहत कार्यों को और तेज व सुगम बनाने के लिए इन टीमों का उपयोग कर सकते हैं।

अतः आपसे अनुरोध है कि आप इन सुझावों को ध्यान में रखते हुए जनता के उन तबकों की पूरी मदद करेंगे जो इस महामारी से सबसे ज्यादा प्रभावित होने वाले हैं।

मैं आपको उत्तर प्रदेश कांग्रेस पार्टी की ओर से आश्वासन देना चाहती हूँ कि इस भयंकर महामारी को रोकने की जंग में कांग्रेस का एक एक कार्यकर्ता उत्तर प्रदेश की जनता के साथ खड़ा है और हमारी तरफ से शासन-प्रशासन को पूरा सहयोग मिलेगा।

जय हिंद

भवदीय



प्रियांका गांधी वाड्रा